# सेमीकंडक्टर व डाटा सेंटर क्षेत्र में सहयोग करेगा ताइवान

राब्यू, जागरण● लखनऊ: इन्वेस्ट यूपी ने प्रदेश में और अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए ताइवान से रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। ताइवान के साथ बैठक में सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर व उन्नत प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में नए अवसरों पर मंथन हुआ। बैठक में भरोसा जताया गया कि उप्र व ताइवान दीर्घकालिक सहयोग से औद्योगिक विकास और वैश्विक नवाचार में रणनीतिक साझेदार बनेंगे।

इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद की अध्यक्षता में हुई बैठक में संयुक्त उपक्रमों, निवेश अवसरों व दीर्घकालिक सहयोग पर चर्चा की गई। ताइवान की इलेक्ट्रानिक्स व सेमीकंडक्टर निर्माण में वैश्विक नेतृत्व क्षमता व उप्र की डाटा-प्रधान क्षेत्रों में बढ़ती संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग के माडल पर विचार किया। इन्वेस्ट यूपी ने ताइवान डेस्क की भी स्थापना की है, जो नई परियोजनाओं को सुगम बनाएगी। यूपी एफडीआइ/एफसीआइ व फार्च्यून ग्लोबल-500 तथा फार्च्यून इंडिया-500 निवेश प्रोत्साहन नीति 2023 जैसी अग्रणी नीतियों के तहत निवेशकों को सहयोग उपलब्ध कराएगा। जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल ताइवान का दौरा करेगा।